ब्रह्मोस से जुड़ेगा प्रदेश में रक्षा व अर्थव्यवस्था का नया अध्याय

लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल की निर्माण यूनिट का शिलान्यास

रक्षामंत्री राजनाथ बोले- दुनिया की कोई ताकत बुरी नजर से नहीं देख सकती

सीएम योगी बोले- दुश्मन देश के लिए दहाड़ेगा यूपी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। अदब के शहर लखनऊ में अब घातक ब्रह्मोस मिसाइलें बनेंगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां ब्रह्मोस की मैन्युफैक्चरिंग इकाई और डीआरडीओ के डिफेंस टेक्नोलॉजी एंड टेस्ट सेंटर का शिलान्यास किया। इस अवसर पर राजनाथ ने कहा कि लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल के उत्पादन से यूपी में रक्षा क्षेत्र और अर्थव्यवस्था का नया अध्याय जुड़ेगा। वहीं, सीएम योगी ने कहा कि अब यूपी दुश्मन देश के लिए दहाड़ने की बात करेगा।

राजनाथ ने कहा कि भारत ब्रह्मोस और दूसरे हथियारों का उत्पादन किसी देश पर आक्रमण करने के लिए नहीं, बल्कि इसलिए कर रहा है कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत की ओर बुरी नजर से देखने की हिम्मत न करे। उन्होंने कहा कि अभी तक सेना के जवानों के लिए दूसरे देशों से रक्षा उत्पाद मंगाने पड़ते थे, लेकिन भारत अब रक्षा उत्पादों का आयातक नहीं, निर्यातक देश बनेगा।

>> संबंधित पेज 2

लखनऊ में रविवार को रक्षा प्रौद्योगिकी एवं परीक्षण केंद्र और ब्रह्मोस निर्माण केंद्र के शिलान्यास के दौरान प्रदर्शनी में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। फोटो : मनीष वर्मा (संवाद)

300 करोड़
से बनेगी ब्रह्मोस की निर्माण इकाई, तीन साल लगेंगे

200 एकड़
में हरौनी में होगा निर्माण

हर वर्ष 100 ब्रह्मोस मिसाइल बनेगी

10,000
लोगों को मिलेगा रोजगार

22 एकड़ में बनेगा रक्षा प्रौद्योगिकी व परीक्षण केंद्र (डीटीटीसी), अमौसी एयरपोर्ट के पास

मेक इन इंडिया से मेक फॉर वर्ल्ड

रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ दिनों पहले रूस और फ्रांस के रक्षामंत्री भारत आए थे। भारत सरकार ने उन्हें मेक इन इंडिया, मेक फॉर इंडिया और मेक फॉर वर्ल्ड का संदेश दे दिया है। सरकार का प्रयास है कि विदेशी कंपनियां भी भारत में आकर भारत के साथ दुनिया के लिए रक्षा उत्पाद बनाएं।

सुरक्षा तंत्र को मजबूत करेगा यूपी

- सीएम योगी ने कहा कि रक्षा उत्पादों के निर्माण में देश अब आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल की उत्पादन इकाई से दूसरे देशों की भी रक्षा आवश्यकताओं की पूर्ति करेंगे। यूपी के डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्रियल कॉरिडोर न केवल रक्षा उत्पाद की आपूर्ति का माध्यम बनेगा, बल्कि देश की सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के साथ युवाओं को रोजगार भी देगा।
- ब्रह्मोस मिसाइल के उत्पादन से अब लखनऊ केवल मुस्कुराइये कि आप लखनऊ में हैं... की बात नहीं करेगा बल्कि अब दुश्मन देश के लिए दहाड़ने की बात भी करेगा।